# 15 लाख टन फ्लाई ऐश को प्रसंस्कृत करेगा सीमेंट संयंत्र

संवाद न्यूज एजेंसी

एटा। निगोह हसनपुर में तैयार श्री सीमेंट संयंत्र जवाहरपुर विद्युत तापीय परियोजना से निकलने वाली 15 लाख टन फ्लाई ऐश (कोयले की राख) को हर साल प्रसंस्कृत करेगा। साथ ही प्रदेश में मेडिकल स्कूल और अस्पताल की स्थापना पर 5 करोड़ रुपये निवेश करेगा।

उद्घाटन करने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संयंत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने मशीनरी और इसकी कार्यप्रणाली के बारे में भी जानकारी ली। उन्हें साइट मैप के माध्यम से भी पूरे प्लांट के विषय में जानकारी दी गई।

इस दौरान सीएम ने संयंत्र परिसर में रुद्राक्ष का पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कहा कि औद्योगिक विकास और हरित संतुलन दोनों ही आवश्यक हैं। उद्योग तभी सफल माने जाएंगे जब वे स्थानीय विकास के साथ प्रकृति के संरक्षण में भी योगदान दें।

इससे पहले मंच से उन्होंने कहा कि बुलंदशहर और एटा के बाद चित्रकूट में श्री सीमेंट ने 40 मेगावाट का ग्रीन एनर्जी प्लांट लगाया है। सरकार ने उन्हें ओपन एक्सेस की सुविधा दी है ताकि वहां बनी बिजली का उपयोग यहां किया जा सके।

सीएम ने श्री सीमेंट को आश्वस्त किया कि प्रदेश सरकार अपनी औद्योगिक नीति के तहत किए गए सभी वायदे समय पर पूरे करेगी।




गांव निगोह हसनपुर में स्थित श्री सीमेंट का प्लांट। संवाद

## मिलेंगे रोजगार, गांवों का होगा विकास

श्री सीमेंट लिमिटेड के चेयरमैन एचएम बांगुर ने बताया कि एटा का संयंत्रण उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी सीमेंट ग्राइंडिंग इकाइयों में से एक है। इसकी क्षमता प्रतिवर्ष 3 मीट्रिक टन है। यह इकाई जवाहरपुर विद्युत तापीय परियोजना के बिल्कुल नजदीक है और यहां से प्राप्त फ्लाई ऐश को प्रसंस्कृत कर सीमेंट निर्मित करेगी। नजदीकी गांव में बुनियादी सुविधाओं के विकास एवं शिक्षा की उपलब्धता पर भी ध्यान दिया जाएगा जिससे 2500 लोगों को लाभ मिलेगा। मैनेजिंग डायरेक्टर नीरज अखौरी ने बताया कि यह इकाई नौकरियां उत्पन्न कर, स्थानीय उद्योगों को सशक्त बनाएगी और स्थायी विकास को बढ़ावा देगी।